RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 27 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 123 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

# दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नवी मुंबई में मिला कस्टम अधिकारी का शव...

## सीबीआई ने दर्ज की थी FIR



**मुंबई :** सीबीआई ने अभी हाल ही में एक कस्टम सुपरिटेंडेंट मयंक सिंह और अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज करने के बाद उनके परिसरों की तलाशी ली थी. इस बीच शनिवार को कस्टम सुपरिटेंडेंट मयंक सिंह की लाश नवी मुम्बई के तलोजा इलाके के एक खदान में मिली है. वह जवाहरलाल नेहरू कस्टम हाउस रायगढ़ में सुपरिटेंडेंट थे. उनके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप में बुधवार को उइक ने FIR दर्ज की थी. जानकारी के मुताबिक, मयंक सिंह के घर से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है, जिसमें उन्होंने गंभीर आरोप लगाए हैं. सुसाइड नोट में 6 लोगों का नाम लिया गया है, जिसमें 3 कस्टम अधिकारी और एक अन्य का नाम शामिल है. पुलिस का कहना है कि मयंक ने खदान के पानी में आत्महत्या की है. उसने बताया है कि प्राथमिक जानकारी के आधार पर आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट दर्ज की गई है.

### बृहन्मुंबई नगर पालिका के चुनाव से ठीक पहले

## कांग्रेस पार्टी से बीएमसी के पाच पूर्व नगर सेवक शिवसेना में शामिल हुए.





**ठाणे :** इन सभी का ठाणे में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शामिल हुए. बताया जा रहा है कि पांचो पूर्व नगर सेवक मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ के कामकाज से खुश नहीं हैं. कांग्रेस छोड़ने वाले नगर सेवक ज्यादाकर धारावी से हैं, जो वर्षा गायकवाड़ का विधानसभा क्षेत्र है. शिंदे गुट में शामिल होने वाले कांग्रेस नगर सेवकों के नाम पुष्पा कोली- सायन से , वाजीत कुरेशी चांदिवली से , भास्कर शेट्टी धारावी से , बब्बू खान धारावी से , धारावी से गंगा कुणाल माने

## भिवंडी मनपा स्वास्थ्य विभाग ने की महिला झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई,

## बोगस डॉक्टरों में मचा हड़कंप...

**मुस्तकीम खान संवाददाता**

**भिवंडी :** भिवंडी के विट्ठल नगर इलाके में मनपा स्वास्थ्य विभाग ने छापामार कर एक महिला बोगस डॉक्टर को गिरफ्तार किया है ।जिसके पास से मरीजों के इलाज में इस्तेमाल किए जाने वाले सामग्री जप्त करते हुए नारपोली पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया है ।जो बिना किसी जरूरी दस्तावेज के दूसरे के नाम पर दवाखाना चला रही थी ।स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में न सिर्फ हड़कंप




मच गया है बल्कि वे कार्यवाई के डर से भूमिगत होने लगे है।

मालूम हो कि पिछले दिनों टेमघर में गर्भवती महिला की गलत इलाज के कारण हुई मौत के बाद मनपा स्वास्थ्य विभाग एक्शन में आ गया और छोला छाप डॉक्टरों की धरपकड़ मुहिम शुरू की है ।इसके लिए मनपा स्वास्थ्य विभाग ने मनपा चिकित्सा अधिकारी डॉ.जयवंत धुले की नेतृत्व में एक टीम का गठन किया है ।जो लगातार बोगस डॉक्टरों पर नकेल कसने में जुटी है। स्थानीय विट्ठल नगर इलाके में बोगस डॉक्टर के सक्रिय होने की सूचना मनपा स्वास्थ्य विभाग को मिली थी ।जिसके बाद डॉ धुले के नेतृत्व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 24 अगस्त को दोपहर में 12.30 बजे विट्ठल नगर में स्थित गैसिया क्लीनिक पर छापामार कर मेहमूदा असलम अंसारी(40) नामक झोलाछाप महिला डॉक्टर को पकड़कर उसके खिलाफ नारपोली पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज करवाया है ।जो बिना किसी वैद्यकिय डिग्री के दूसरे के नाम का बोर्ड लगाकर क्लीनिक खोलकर मरीजों के जान के साथ खिलवाड़ कर रही थी ।जबकि इस प्रकार शहर के हर हिस्से में छोलछाप डॉक्टर सक्रिय है।

### शहर में छोलाछाप डॉक्टरों की भरमार, अब तक छह दर्जन नपे

मजदूर बाहुल्य भिवंडी शहर में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है ।जो बिना किसी मेडिकल दस्तावेज के अथवा दूसरों के नाम का बोर्ड व शार्टिफिकेट लगाकर स्लम व मजदूर बस्तियों में अपनी क्लीनिक खोलकर मरीजों को अनाप सनाप दवाइयां देकर इलाज के नाम पर मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करते है ।बल्कि मरीजों से मोटी रकम ऐंठ कर मालामाल हो रहे है ।इन डॉक्टरों के कारण अब तक कई मरीजों की मौत होने की घटनाएं शहर में घटित हो चुकी है ।मनपा के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयवंत धुले ने बताया कि फरवरी से अब तक 70 से 80 बोगस डॉक्टरों को पकड़कर उन पर केस दर्ज कराया गया है ।जबकि शहर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। जिसके लेकर फर्जी डाक्टरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## स्नैचर के साथ 100 से अधिक कॉल ने मुंब्रा एपीआई कृपाली बोरसे का भंडाफोड़

**अफजल शैख**

**मुंब्रा :** स्नैचर के साथ 100 से अधिक कॉल ने मुंब्रा एपीआई कृपाली बोरसे का भंडाफोड़ किया हाथ में कॉल डेटा के साथ, पुलिस एपीआई को ट्रैक करती है, जो उन्हें सीधे स्नैचर तक ले जाती है 5 अगस्त की रात को एक एयर होस्टेस यात्रा कर रही थी और वह खेरवाड़ी फ्लाईओवर पर एक ऑटो रिक्शा में बैठी थी तभी बाइक सवार दो लोगों ने उसका आईफोन 14 प्रो छीन लिया और भाग गए। उनकी शिकायत के आधार पर, बांद्रा पूर्व की खेरवाड़ी पुलिस ने जांच शुरू की और पता चला कि संदिग्ध मुंब्रा के थे। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने विले पार्ले में भी यही अपराध किया था। पुलिस ने मुंब्रा पुलिस से संपर्क किया और आरोपी का पता लगाने में सहायता मांगी। सूत्रों ने बताया कि एपीआई बोरसे ने हालांकि उन्हें यह कहते हुए कुछ दिन इंतजार करने को कहा कि वह छुट्टी पर जा रही हैं। इस बीच, खेरवाड़ी पुलिस ने एक आरोपी की पहचान 29 वर्षीय साबिर शेर अली सैय्यद के रूप में की और उसका मोबाइल नंबर भी प्राप्त




करने में कामयाब रही। उन्होंने उसका कॉल डेटा रिकॉर्ड निकाला और उसके नंबर को ट्रैक करना भी शुरू कर दिया। पुलिस तब हैरान रह गई जब उन्हें बोरसे और सैय्यद के बीच कुछ महीनों में 100 से अधिक कॉलों का डेटा मिला। 7 अगस्त को, सैय्यद के मोबाइल फोन की लोकेशन से पता चला कि वह मुंबई जा रहा है तभी आधी रात के करीब आरे के पास उनका नंबर बंद हो गया. पुलिस ने बोरसे के नंबर का पता लगाने का फैसला किया और उसे उसी स्थान पर पाया। बाद में उसके मोबाइल की लोकेशन पवई के एक फाइव स्टार होटल में पाई गई। 'पुलिस की एक टीम होटल गई और कर्मचारियों से सभी मेहमानों का विवरण मांगा। पुलिस ने होटल के प्रवेश द्वार पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की भी जांच शुरू कर दी और एक व्यक्ति को तीन महिलाओं और एक पुरुष के साथ प्रवेश करते देखा, ''एक सूत्र ने कहा।

8 अगस्त की सुबह करीब 6 बजे पुलिस ने साबिर और अन्य लोगों को लॉबी में देखा। उन्होंने तुरंत उन्हें रोका. तीन महिलाओं में से एक बोर्से निकली। सूत्रों के मुताबिक, साबिर को पकड़ लिया गया जबकि अन्य को छोड़ दिया गया। खेरवाड़ी पुलिस ने आरोपियों के पास से नौ मोबाइल फोन बरामद किए और उन्हें मोबाइल स्नैचिंग के आरोप में विले पार्ले पुलिस स्टेशन को सौंप दिया। सूत्रों ने कहा कि सैय्यद पर वाहन चोरी के भी मामले हैं और उस पर एक बार मकोका के तहत मामला दर्ज किया गया था।




## संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### भारत की सूझबूझ

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों– ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका– के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य– अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई– जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब–तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाए। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे। इन आशंकाओं और संदेहों के बीच सभी देशों के हितों में सामंजस्य स्थापित करते हुए बेहतर विश्व सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए इस मंच को निश्चित रूप से ज्यादा परिपक्व और दूरदर्शितापूर्ण नजरिया अपनाना होगा।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# म्हाडा लॉटरी में वेटिंग लिस्ट सिमटकर चार गुना...

**मुंबई :** महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (म्हाडा) के मुंबई बोर्ड द्वारा आवंटित ४,०८२ फ्लैटों की लॉटरी १४ अगस्त को निकाली गई थी। बता दें कि म्हाडा द्वारा पहले लॉटरी के समय घर दिए जानेवाले वेटिंग लिस्ट में ४० प्रतिशत की वेटिंग रखी जाती थी। मगर इस बार म्हाडा लॉटरी में वेटिंग लिस्ट सिमटकर चार गुना रह गई है। यानी कम होकर १० प्रतिशत पर आ गई है। इस कमी ने आरक्षण की संख्या को कम कर दिया है।




यशवंतराव चव्हाण केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में हर्षोल्लास के साथ ड्रॉ निकाला गया। ड्रॉ में सफल होने वालों के चेहरे पर खुशी थी, वहीं कई नए लोग वेटिंग लिस्ट में थे और आज भी इन घरों के लिए उम्मीद बाकी है। लेकिन इस साल के ड्रॉ में वेटिंग लिस्ट कम होने से कई लोगों का घर का सपना अधूरा रह जाएगा। इस साल के ड्रॉ से पहले ही म्हाडा ने लोगों की पात्रता निर्धारित कर दी थी। जिन लोगों को मकान मिला है, वे सभी पात्र हैं। वे सिर्फ भुगतान करना चाहते हैं और अपने घर पर कब्जा चाहते हैं, इसलिए इस बार वेटिंग लिस्ट कम कर दी गई है। इस ड्रॉ में प्रत्येक वैष्ठेगरी में घरों की कुल संख्या की १० प्रतिशत की वेटिंग लिस्ट है, जो कि पिछले कुछ सालों पहले घरों में वेटिंग संख्या ४० प्रतिशत की जाती थी।

इससे पहले, ड्रॉ प्रक्रिया में शुरूआत में केवल आवेदन प्रक्रिया शामिल होती थी। ड्रॉ के बाद उम्मीदवारों की पात्रता की जांच की जाती थी, इसलिए आवंटन प्रक्रिया में सफल होने के बाद भी कई लोग अयोग्य हो जाते हैं और इस प्रकार उन्हें अपात्र न होने पर घरों का अधिकार छोड़ना पड़ता है।

इसका लाभ वेटिंग लिस्ट के लोगों को मिला करता था। हालांकि, अब जब शुरूआत में ही पात्रता निर्धारित कर दी गई है तो वेटिंग लिस्ट में शामिल आवेदकों को घर मिलने की उम्मीद खत्म हो गई है, लेकिन अब जिन लोगों को लॉटरी में एक से ज्यादा घर मिले हैं या जो पुराना घर नहीं खरीदना चाहते, वे घरों को सरेंडर कर देंगे।

मुंबई बोर्ड ड्रॉ में पहले सभी आय वर्ग की प्रतीक्षा लिस्ट में अधिक नाम शामिल किए जाते थे, लेकिन अब सिर्फ चुनिंदा लोग ही वेटिंग लिस्ट में हैं। इसलिए यदि अधिक लोग घर छोड़ देते हैं तो भी संभावना है कि कई घर बिना बिके रह जाएंगे, क्योंकि प्रतीक्षा सूची में मूल रूप से कम लोग हैं। यदि प्रतीक्षा सूची में शामिल सभी लोगों को मकान मिल भी गया तो भी शेष मकान सामान्य वर्ग को दिए जाएंगे। यदि विशेष श्रेणी के पात्र आवेदक मकानों पर अपना अधिकार छोड़ देते हैं तो वे मकान अगली श्रेणी में आ जाते हैं जबकि आरक्षित मकान सामान्य वर्ग के नागरिकों को दिए जाते हैं।

# अवैध इमारतों को अवैध रूप से बिजली कनेक्शन




**ठाणे :** ठाणे मनपा प्रशासन कोर्ट के आदेश के बाद अवैध इमारतों पर कार्रवाई कर रहा है। लेकिन उन्हीं अवैध इमारतों को महावितरण के कुछ अधिकारी सांठ-गांठ करके अवैध रूप से बिजली कनेक्शन देने की कोशिश कर रहे हैं। इस बात का खुलासा होने के बाद शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के ठाणे उपजिलाप्रमुख संजय घाडीगांवकर ने महावितरण को पत्र भेजकर अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग की है।

महावितरण के ठाणे सर्कल अधीक्षक अभियंता को लिखे गए पत्र में घाडीगांवकर ने कहा है कि न्यायालय के आदेश अनुसार, अवैध इमारतों को बिजली का कनेक्शन देना गलत है। इसलिए अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन नहीं देने का आदेश न्यायालय ने दिया है। इसके बावजूद न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए महावितरण के कुछ अधिकारियों द्वारा ठाणे में अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन दिया जा रहा है। उन्होंने पत्र में आगे कहा है कि महावितरण के कार्यकारी अभियंता सतीश जाधव अवैध इमारतों को बिजली कनेक्शन देने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। वहीं उन्होंने मांग की है कि अन्य किसी भी निर्माणाधीन अवैध इमारत को बिजली कनेक्शन नहीं दिया जाना चाहिए, जिसके विरुद्ध ठाणे मनपा कानूनी कार्रवाई कर रही है।

संजय घाडीगांवकर ने बताया कि एमआरवीवी कंपनी द्वारा नियुक्त अन्य निजी संस्थाओं को इस संबंध में जानकारी दी जाए अन्यथा एमआरवीवी कंपनी के विरुद्ध उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना के संबंध में अवमानना याचिका दायर करने की कार्रवाई की जाएगी तथा अधीक्षक अभियंता और संबंधित अधिकारी परिणामों के लिए जिम्मेदार होंगे, ऐसी चेतावनी भी दी। घाडीगांवकर ने यह भी कहा कि सभी संबंधित मामलों की जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## प्याज उत्पादकों को परेशानी का सामना न करना पड़े इसलिए केंद्र ने की हैं तैयारियां



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए हैं कि प्याज किसानों को कोई समस्या न हो। वह प्याज पर 40 फीसदी निर्यात शुल्क के खिलाफ विरोध प्रदर्शन और राकांपा प्रमुख शरद पवार के उस बयान के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे कि जब वह कृषि मंत्री थे तो निर्यात शुल्क कभी इतना अधिक नहीं था। उन्होंने कहा कि मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहता कि शरद पवार को कृषि मंत्री के रूप में राज्य को क्या देना चाहिए था और उन्होंने राज्य को क्या दिया... जापान में होने के बावजूद उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने प्याज मुद्दे पर कड़ी नजर रखी।



# 15 लाख 9 हजार 300 रुपये कीमत की बिजली चोरी मामले मे ८४ लोगों पर महावितरण की करवाई



**वसई :** महावितरण के वसई पूर्व उपविभाग में एक व्यापक तलाशी अभियान में एक ही दिन में 84 बिजली चोरों पर छापे मारकर करवाई की गई। इस अभियान में 15 लाख 9 हजार 300 रुपये कीमत की 80 हजार 372 यूनिट बिजली चोरी उजागर हुई है। महावितरण की 16 टीमों ने धानिबाग, पेल्हार, वाकनपाड़ा, शिवाजीनगर, वसई फाटा, सोपारा फाटा, दांगडेपाड़ा, जाधवपाड़ा, गावदेवी, धानिव इलाकों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। जिसमे 757 विद्युत कनेक्शनों का निरीक्षण किया गया। इनमें 84 लोग अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पाए गए। चोरी की गई बिजली के भुगतान और समझौता राशि के भुगतान के संबंध में संबंधितों को नोटिस दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में यह राशि जमा नहीं करने वालों के खिलाफ विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। बिजली चोरी का अपराध कड़ी सजा और जुमान से दंडनीय है और किसी भी परिस्थिति में बिजली के अनधिकृत उपयोग से बचना चाहिए। कल्याण सर्कल के मुख्य अभियंता धनंजय औंढेकर और वसई सर्कल के अधीक्षण अभियंता संजय खंदारे के मार्गदर्शन में कार्यकारी अभियंता प्रवीण सुटे,अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता वसई पूर्व गिरीश भगत, सहायक अभियंता सचिन येरगुडे, नितिन पाटिल, निकुंज वैष्णव, कनिष्ठ अभियंता महेंद्र अघव और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की है।

# भाजपा की विचारधारा को कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे - पवार



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने कल फिर एक बार नई राजनीतिक गुगली छोड़ी। राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट नहीं है और अजीत पवार हमारी पार्टी के नेता हैं, ऐसा बयान उन्होंने दिया। इस पर संभ्रम निर्माण होने के बाद उन्होंने कहा कि हमने ऐसा कहा ही नहीं, ऐसा यू टर्न उन्होंने लिया। इसके बाद शरद पवार की इस भूमिका को लेकर कल दिनभर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चचाएँ होती रहीं, वहीं दूसरी तरफ शरद पवार भाजपा की विचारधारा को कभी भी स्वीकार नहीं करेंगे, ऐसा भी दृढ़ता से कहा गया।

शरद पवार और अजीत पवार के बीच पिछले दिनों पुणे में गुप्त बैठक हुई थी। उस मुलाकात में निर्माण हुए संभ्रम को पवार ने दूर किया था। कल शरद पवार द्वारा नया बयान देने के कारण पुनः इस चर्चा ने जोर पकड़ लिया। अजीत पवार राष्ट्रवादी के नेता हैं, इस बयान पर मीडिया द्वारा शरद पवार से प्रश्न पूछने पर मैंने वैसा कुछ कहा ही नहीं, बहन होने के नाते सुप्रिया सुले बोल सकती हैं, ऐसा स्पष्टीकरण शरद पवार ने दिया। सातारा के दहिवाड़ी में आयोजित पत्रकार परिषद में वे बोल रहे थे।

मीडिया के एक सवाल के जवाब में शरद पवार ने कहा कि फूट पड़ने का अर्थ क्या? पार्टी में फूट कब होती है, जब पार्टी का एक बड़ा वर्ग अलग हुआ तो, आज ऐसी स्थिति यहां नहीं है। राष्ट्रवादी में फूट नहीं पड़ी है, ऐसा दावा उन्होंने इस मौके पर किया। कुछ लोगों ने अलग भूमिका अपनाई है। लोकतंत्र में यह उनका अधिकार है। अलग निर्णय लेने का मतलब फूट पड़ी है, ऐसा नहीं है। यह उनका फैसला है, ऐसा शरद पवार ने स्पष्ट किया। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह भी कहा कि अजीत पवार यदि फिर से पार्टी में आना चाहेंगे, तब भी उन्हें मौका नहीं दिया जाएगा, इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रवादी को तोड़ने के लिए कई बार प्रयास किए गए हैं।

# एक करोड़ से ज्यादा का माल लदा कंटेनर लेकर ड्राइवर लापता

**ठाणे :** 1.10 करोड़ रुपये के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट और अन्य कीमती सामान ले जा रहे एक कंटेनर के चालक सहित लापता होने के बाद ठाणे जिले में हेराफेरी का मामला दर्ज किया गया है। इसकी जानकारी पुलिस ने दी। एक अधिकारी ने बताया कि नारपोली पुलिस ने गुरुवार को मथुरा निवासी रफीक मेहबूब के खिलाफ आईपीसी की धारा 407 (जिसे वाहक के रूप में संपत्ति सौंपी जाती है, वह ऐसी संपत्ति के संबंध में आपराधिक विश्वासघात करता है) के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की है। उन्होंने बताया कि एक ट्रांसपोर्टर कंपनी ने आरोपी को 17 अगस्त को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और आईपैड, आईफोन और लैपटॉप सहित अन्य सामानों का एक कंटेनर अहमदाबाद से ठाणे जिले के भिवंडी स्थित सागर कॉम्प्लेक्स तक ले जाने का काम सौंपा था। उन्होंने कहा, लेकिन ट्रक अगले दिन गंतव्य तक नहीं पहुंचा और ड्राइवर का भी पता नहीं चल सका।

# ट्रक चालकों के लिए पार्किंग का अड्डा बना दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे,

## वाहनों को खड़ा कर घरों पर फरमाते है आराम



**मुंबई :** देश के सबसे हाईटेक दिल्ली - मुंबई- एक्सप्रेसवे सुविधा जनक और वाहनों को रफ्तार देने से ज्यादा हादसों का एक्सप्रेसवे बन गया है। एनएचएआई का दावा है कि यह एक्सप्रेसवे ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक से लैस है। जो तुरंत ट्रैफिक नियमों को तोड़ने वाले वाहनों की पहचान कर उनके चालान फोन पर भेज देगा। बावजूद इसके यह सिस्टम धरातल पर बेकार साबित हो रहे हैं। नूंह जिले की सीमा से गुजरने वाले दिल्लीझमुंबईझएक्सप्रेसवे पर आए दिन दर्जनों वाहन कतार से खड़े रहते है। जो न केवल ट्रैफिक नियमों की तोड़ने का काम कर रहे बल्कि बड़े हादसों का भी कारण बन सकते हैं।

एक्सप्रेस वे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं के बाद पुलिस भी कोई सबक नहीं ले रही है। लगता है कि पुलिस भी बड़े हादसे का इंतजार कर रही है। सोहना से दौसा के बीच दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे का 220 किलोमीटर लंबा पहला फेज फरवरी 2023 में खोला गया था। इस एक्सप्रेसवे पर वाहनों की स्पीड 120 किलोमीटर प्रतिघंटा निर्धारित की गई है। मुंबई एक्सप्रेसवे पर पिछले पांच महीनों में 120 से अधिक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। जिनमें से कई लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है। इनमे से ज्यादातर नींद की झपकी आना, वाहनों को साइड में खडा करना और रोड पर बाइक चलाना जैसे हादसे शामिल हैं।

ट्रक खड़ा कर घर पर आराम करते है चालक

हरियाणा का सबसे पिछड़ा जिला मेवात में साक्षरता की कमी के चलते करीब 40 प्रतिशत आबादी वाहन चलाने का काम करती है। मेवात के चालक देश के विभिन्न राज्यों में ट्रक चलाते है।दिल्लीझमुंबईझएक्सप्रेसवे से मेवाती ट्रक चालकों को काफी फायदा हुआ है। खास बात यह है कि ट्रक चालकों को ज्यादातर सामान दिल्ली पहुंचना होता और लाना होता है। ऐसे में वे एक्सप्रेझवे का ही इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इन दिनों यह फायदे का सौदा ट्रक चालकों की लापरवाही के कारण हादसा को न्यौता दे रहा है। नूंह जिले के गांव उमरी के अंडरपास पर दौसा की तरफ से आने वाले ट्रक चालकों द्वारा दर्जनों ट्रक कतार से खड़े किए जाते है। यहीं नहीं अपनी सुविधा के अनुसार जहां से जिस ट्रक चालक का घर नजदीक पड़ता है, वहीं पर वह अपना ट्रक खड़ा कर निजी वाहन से अपने घर चले जाते हैं। एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालकों से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनका घर यहां से नजदीक पड़ता है।

# सिर्फ सत्ता के लिए न हो राजनीति नई परिभाषा की जरूरत : गडकरी



**मुंबई :** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति को सामाजिक कार्य, विकास और राष्ट्र निर्माण के रूप में फिर से परिभाषित किया जाना चाहिए। अभी सिर्फ सत्ता की राजनीति चल रही है।

वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मणराव मानकर स्मृति संस्था की ओर से आदिवासी क्षेत्रों में कार्यरत शिक्षकों के लिए आयोजित एक सेमिनार को लेकर मीडिया से यह बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं हमेशा सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत और पंचायत समिति सदस्यों से कहता हूं कि सामाजिक कार्य ही राजनीति है। गडकरी ने कहा, जो चल रहा है वह केवल सत्ता की राजनीति है।

सत्ता की राजनीति करनी चाहिए, लेकिन समाज सेवा और विकास के परिणामस्वरूप ही सामाजिक परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा, जनसंघ के दिग्गज नेता स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय मिशन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना और उनके सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन के लिए काम करना था।




# महाराष्ट्र में देखने को मिलेगा अजीत पवार रिटर्न्स पार्ट-2 -कांग्रेस



**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और सांसद शरद पवार के बयान से राजनीतिक चर्चा शुरू हो गई है। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा, 'शरद पवार के बयान का सीधा मतलब यह निकाला जा सकता है कि महाराष्ट्र और देश को अजीत पवार की वापसी पार्ट-२ देखने को मिल सकती है।' वरिष्ठ नेता शरद पवार के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता अतुल लोंढे ने कहा कि शरद पवार ने बार-बार स्पष्ट किया है कि वह किसी भी हालत में भाजपा के साथ नहीं जाएंगे और 'इंडिया' गठबंधन के साथ बने रहेंगे, इसलिए अब उनके बयान की अलग तरह से व्याख्या करने की जरूरत नहीं है, लेकिन राज्य सरकार में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और उनके सहयोगी अभी भी शरद पवार को अपना नेता मानते हुए उनके सामने नतमस्तक हैं। इसका साफ मतलब है कि भाजपा ने जो राजनीतिक गंदगी फैलाई है, उसका जवाब अजीत पवार की वापसी से दिया जा सकता है। लोंढे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने तोड़फोड़ की राजनीति कर विपक्षी दल को तोड़ने का पाप किया है। भाजपा ने सबसे पहले उद्धव ठाकरे की शिवसेना को तोड़कर महाविकास आघाड़ी सरकार गिरा दी और एकनाथ शिंदे के समर्थन से सरकार बनाई।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व के कारण हो रहा है देश का विकास - लोढ़ा

## एक साल में मिले तीन लाख लोगो को रोजगार

**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक देश भक्त,ईमानदार कार्यक्षम नेता है इसलिए उनके बारे में लोग पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सोचते है.पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का तेजी से विकास हो रहा है.हमारा महानगर कार्यालय में सदिच्छा भेंट देने पहुंचे राज्य के कौशल विकास व रोजगार और मुंबई उपनगर के पालक मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने यह बात कही.रोजगार मंत्री ने केंद्र और राज्य सरकार के विकास कार्यो के अलावा विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की.

मंत्री लोढ़ा ने कहा की कौशल विकास के माध्यम से राज्य में पिछले एक साल के भीतर करीब तीन लाख लोगो को रोजगार मिला है.आने वाले महीनों में इस आकड़े में बढ़ोत्तरी होगी। लोढ़ा ने कहा कि राज्य में युवाओं नौकरी उपलब्ध कराने के लिए पिछले एक साल के भीतर कौशल विकास के माध्यम से पूरे राज्य में करीब 600 से अधिक रोजगार मेलावा का आयोजन किया गया है.इस रोजगार मेलावा के माध्यम से बड़े पैमाने पर युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार दिया गया है.



कौशल विकास मंत्री ने बताया की राज्य में पहली बार कौशल विकास विभाग के अंतर्गत दो यूनिवर्सिटी (४ल्ल५ी१२३८) खुल रही है एक पुणे तो दूसरा पनवेल में आईटीआई बच्चों के इस साल से ही यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल सके इसके लिए विभाग ने तैयार बिल्डिंग में यूनिवर्सिटी शुरू करने का निर्णय लिया है.लोढ़ा ने बताया की राज्य में करीब 419 आईटीआई केंद्र है इन सभी केंद्रों के पुनर्निर्माण, केंद्र में नए लैब,शौचालय और टीचर रूप जैसे आवश्यक सुविधाओं के लिए सरकार में साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है.इन सभी केंद्रों पर दुनिया के एक्सपर्ट वर्चुअल में माध्यम से करीब एक लाख 25 हजार बच्चों को टेक्नीकल और उनके करियर पर प्रशिक्षण देंगे।

### रोजगार को बढ़ावा देने के लिए इंडस्ट्रियल मीट

मंत्री लोढ़ा ने कहा कि युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए राज्य में इंडस्ट्रियल मीट का आयोजन किया जा रहा है इस मीट में बड़ी संख्या में इंडस्ट्रियल हिस्सा ले रही है. इस कार्यक्रम के माध्यम से एक से दो लाख रोजगार पैदा हो रहा है.सरकार के इंडस्ट्रियल मीट कार्यक्रम को बड़ी सफलता मिल रही है. सरकार आपके द्वार की तर्ज पर कौशल विकास भी रोजगार मुहैया करा रहा रहा है.कुल मिलाकर सभी कंपनियों को टेली कोर्स शुरू किया है कौशल विकास विभाग जरूरतमंद लोगों को रोजगार मुहैया करा रही है.

# नई मुंबई मनपा क्षेत्र में एक और हादसे की जमीन तैयार!



**नई मुंबई :** नई मुंबई में सिडको द्वारा बनाई गई इमारतों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिन्हें नई मुंबई मनपा ने रहने के लायक करार नहीं दिया है। इनमें से अधिकांश इमारतों का निर्माण २५ से ३० साल पहले हुआ है। हालांकि, इन इमारतों की समय-समय पर मरम्मत होती रही है लेकिन उनकी लाइफ खत्म होती चली गई। इन इमारतों की स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट बताती है कि ये खतरनाक इमारतें किस श्रेणी में आती हैं। कई दफा नई मुंबई मनपा इन इमारतों की बिजली और जलापूर्ति बंद कर चुकी है लेकिन सेटिंग के चलते कुछ दिनों के बाद ही इन इमारतों का बिजली और पानी फिर से शुरू हो जाता है, जिसके कारण नई मुंबई मनपा क्षेत्र में एक और हादसे की जमीन तैयार होने की बात कही जा रही है।

बता दें कि नई मुंबई में ५२४ खतरनाक इमारतें हैं, इनमें सी-१ श्रेणी के तहत ६१ इमारतों को रहने के लिए अयोग्य मानकर तुरंत खाली करने की जरूरत है। श्रेणी सी-२ ए की ११४ इमारतें हैं, जिन्हें खाली कर उनकी रिपेयरिंग की जा सकती है। सी-२ बी श्रेणी की ३०० इमारतें हैं, जिनकी बिना खाली किए रिपेयरिंग की जा सकती है। श्रेणी सी-३ की ४९ इमारतें हैं, जिनमें छोटी-मोटी रिपेयरिंग की आवश्यकता है। इस तरह कुल मिलाकर ५२४ खतरनाक इमारतें हैं। ६१ इमारतें ऐसी हैं, जो बेहद खतरनाक हैं, जिन्हें तत्काल खाली किया जाना जरूरी है। ये इमारतें सिर्फ वाशी में हैं और विडंबना यह है कि इनमें से अधिकांश इमारतों में जान हथेली पर रखकर लोग रह रहे हैं। नेरुल के सेक्टर ६ में हादसाग्रस्त इमारत तुलसी भवन के बी विंग में रहने वाले शशि भूषण कहते हैं कि इन पांच बिल्डिंगों में सी विंग की हालत अपेक्षाकृत अधिक खराब थी। वे आगे कहते हैं कि वैसे देखा जाए तो सभी इमारत में फ्लैट्स की हालत अच्छी नहीं थी। हम जिस फ्लैट में रहते हैं वहां की दीवारों पर लगे टाइल्स यूं ही झड़ जाते थे। वहीं डी विंग की दूसरी मंजिल पर रहने वाले अनिल काले बताते हैं कि आंतरिक तौर पर खराब हो चुकी इन इमारतों की कभी स्ट्रक्चरल ऑडिट नहीं की गई थी।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर खड़ी की गई अनधिकृत इमारतों का दायरा बड़ा

## - 55 फर्जी दस्तावेजों में शामिल 117 अनधिकृत इमारतें
## - विभिन्न थानों में 117 मामले दर्ज किए गए

**विरार :** कुछ दिन पहले विरार पुलिस ने विरार में फर्जी स्टांप और फर्जी दस्तावज बनाने वाले एक गिरोह का 'थंडाफोड़ किया था,इसमें पुलिस को कुल 55 मामले मिले। इसलिए देखा गवा कि 55 इमारतें अवैध हैं।हालांकि,जब इन दस्तावेजों की जांच की गई तो पता चला कि शहर में न सिर्फ 55 इमारतें वल्कि कुल 117 इमारतें अनधिकृत तरीके से खड़ी की गई हैं। वसई-विरार शहर महानगरपालिका के सर्व में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। इसलिए नगरपालिका ने इन सभी इमारतों के मामले में पिछले 10 दिनों में संब्रधितों के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज कराया है। वसई-विरार में फर्जी दस्तावेज और स्टांप बनाने वाले एक गिरोह का हाल ही में बिरार पुलिस ने भंडाफोड़ किया था बिरार यें रुद्रांश नामक पांच मंजिला अनधिकृत इमारत के निर्माण के बारें में नगर निगम द्वारा बिरार पुलिस स्टेशन में शिक्रायत दर्ज कराने के बाद जांच के दौरान गिरोह का पता चला। इस जांच के दौरान पुलिस को फर्जी दस्तावेजों और स्टांप पर आधारित 55 फर्जी दस्तावज मिले। इसलिए, ऐसा प्रतीत हुआ कि 55 फर्जी इमारतें थीं। इसलिए, नगर पालिका ने तुरंत शहर में 55 इमारतों और अन्य अनधिकृत इमारतों की खोज शुरू कर दी। इसके वाद नगर पालिका ने एक-एक कर इमारतें ढूंढ। दस्तावेजों के शहरी नगररचना विभाग में मौजूद अभिलेखों और सातबारा की जांच की गई। साथ ही नगर पालिका ने वास्तविक स्थल निरीक्षण, पंचनामा और ईमारतों के फोटो व अन्य दस्तावेजों की जांच के बाद संबंधित इमारत मामले में अपराध दर्ज करना शुरू कर दिया है। हालांकि, इस सर्वेक्षण के दौरान नगर पालिका ने पाया कि 55 दस्तावेजों में 117 इमारतें अवैध रूप से बनाई गई हैं। कुछ मामलों में तो एक ही दस्तावेज वानी सीसी पर कई इमारतें खड़ी कर दी गई हैं। कुछ मामलों में तो यह भी देखा गया कि सातबारा का अस्तित्व ही नहीं था,जबकि वार्ड समिति सी में पाया गया कि एक इमारत वास्तविक स्थल पर नहीं है।






# मोटरसाइकिल व घरफोडी चोरी का खुलासा... 2 आरोपी गिरफ्तार, लाखों रुपए का माल जप्त

**नालासोपारा :** आचोले पुलिस स्टेशन की क्राइम डिटेक्शन ने मोटरसाइकिल व घरफेडी चोरी की गुत्थी सुलझाने में सफलता पाई है। इस मामले में दो शातिर चोर को फ्कड़ा है तथा 5 अपराधों का खुलासा करते हुए लाखों रुपये का माल जप्त किया है। यह कार्रवाई डीसीपी पौर्णिमा चौमुले श्रींगी व एसीपी विनायक नरले के मार्गदर्शन में आचोले थाने के सीनियर पुलिस निरीक्षक बालासाहेव पवार व विवेक सोनवणे पुलिस निरीक्षक (अपराध) के नेतृत्व में स.पो.नि.यशपाल सूर्यवंशी व पा.उप.नि. बुधंवत लोढे व्ड टीम ने व है। पुलिस ने बताया कि आचोले पुलिस स्टेशन अंतर्गत शिकायतकर्ता दिपक जयप्रकाश विश्वकर्मा (25) द्वार 30 जुलाई व 31 जुलाई के दरम्यान जिवदानी अपा.माऊली सर्विसिंग सेंटर के बाजू आचोले गाव■, नालासोपारा पूर्व स्थित मोटरसाइकिल क्र.एमएच 48 वी एन 8044 खड़ी किया था। किसी अज्ञात चोर ने उपरोक्त वाहन चोर कर फरार हो गया। इस मामले में आचोले पुलिस ने कलम 379 के तहत केस दर्ज किया था। इसी क्रम में शिकायतकर्ता आशोक रेंडेड़भाई वालंड (55),निवासी-न्यु अजब अर्पा, आचोले गणपती मंदिर के पास, रेलवे स्टेशन, नालासोपारा पूर्व स्थित के घर से अज्ञात चोर ने



आभूषण व नगदी आदि चोरी कर फरार हो गए थे। यह घटना 13 जुलाई व 14 जुलाई 2023 के बीच घटी थी। इस घटना में आचोले पुलिस ने अज्ञात चोर के ऊपर कलम 454,457,380 के तहत केस दर्ज किया था। दोनों मामले की जांच आचोले पुलिस कर रही थी। पुलिस ने बतावा 20 अगस्त क्यो अपराध जांच शाखा के अधिकारी और कर्मचारी आपराधिक निगरानी गश्त के लिए अचोले पुलिस स्टेशन के आसपास घूम रहे थे। इसी दौरान पो.स्टे क्षेत्र अलकापुरी बाजार पटांगन में मुख्य सड़क से चंदन नाका की ओर एक संदिग्ध व्यक्ति एफ,जेड मो.साक्र. एमएच 48 बीएन 8044 ले जाते देखा,उसे रोकें और उसका नाम-पता पूछें, उसने अपना नाम पवन अशोक मिश्रा उर्फ पवन गुरु उम्र- 29 वर्ष, निवासी- ग्लोबल सिटी, विरार वेस्ट,मूल निवास.ग्राम वारीगांव हनुमान नगर, बारीगांव डिई, तहसील मड़ियाहूं, जिला जौनपुर, राज्य उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने बताया कि, उक्त शख्स के पास से कुल 12 दोपहिया (मोटर साइकिल) वाहन की चाबियां मिली,साथ ही दोपहिया बाहन एफ.जेड.मो.सा.क्रएमएच 48 बीएन 8044 के बारे में यूछताछ करते समय बह गोलमोल जवाब दे रहा था, इसलिए उसे थाने लाकर गहनता से पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि वक्त मोटरसाइकिल कुछ दिन पहले आचोले पुलिस स्टेशन से चोरी हुई थी। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया गिरफ्तार आरंपियों से गहनता से पूछताछ की गई। जांच करने पर उनके पास से कुल 5 मोटर साइकिलें कीमत 1,90,000 रुपए जब्त की गई व कमिश्नरेट में कुल 3 अपराधों का खुलासा हुआ। पुलिस ने बताया किघरफोडी चोरी मामले में एक गोपनीयमुखबिर के माध्यम से अपराध जांचशाखा के अधिकारी और कर्मचारी कोप्राप्त जानकारी के आधार पर आरोपीसोनु चटला उर्फ शोएब साहिबअली राईन (19) जावका हॉटेल से हिरासत में लिया। जब उससे पूछताछ की गई तो पता चला कि आरोपी द्वारा उक्त अपराध किया गया था।आरोपियों के पास से गणपति महालक्ष्मी देवी क्री मूर्ति सहित दो चांदी की मूर्तियां, एक पीतल की घड़ी और विभिन्न कंपनियों के 04 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। 2 अपराध का खुलासा हुआ है।

## कई बार दुष्कर्म के बाद आरोपी ने वायरल किया वीडियो, एफआईआर

**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर में एक महिला के साथ कई बार दरिंदगी की गई। पुलिस ने बताया कि शख्स ने पालघर की रहने वाली एक महिला के साथ पहले तो कई बार दुष्कर्म किया और बाद में उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपी व्यक्ति और दो अन्य के खिलाफ आईपीसी और आईटी के विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। उन्होंने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। जानकारी के अनुसार, आरोपी शख्स और पीड़िता महिला पहले से एक-दूसरे को जानते थे और आपस में दोस्त थे। साथ ही महिला पहले से शादीशुदा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी व्यक्ति ने महिला के साथ बार- बार दुष्कर्म किया और उसका वीडियो बनाया। बाद में उसने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

## बाइक के पहिये में फंसा दुपट्टा... महिला की दर्दनाक मौत



**पालघर :** जिले में मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी 27 वर्षीय महिला की दुपट्टे के दोपहिया वाहन के पहिये में फंस जाने से मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। नायगांव पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार सुबह हुई जब पड़ोसी मुंबई के कांदिवली की प्रतिमा यादव अपने पति के साथ यहां वसई इलाके में एक मंदिर से दर्शन कर लौट रही थीं। हाईवे पर बपाने गांव के पास उसका स्टोल मोटरसाइकिल के पहिये में फंस गया और दम घुटने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी।

## महाराष्ट्र में एक और अपमानजनक घटना! चोरी के शक में दलित युवकों को पेड़ से लटकाकर पीटा गया



श्रीरामपुर तालुका के हरेगांव में एक अपमानजनक घटना घटी है जहां बकरी और कबूतर चुराने के संदेह में तीन दलित युवकों को एक पेड़ से बांध दिया गया और पीटा गया। इस मामले में दलित संगठन के आक्रामक होने के बाद पुलिस ने तत्काल कदम उठाते हुए केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. घटना के विरोध में हरेगांव में बंद रखा गया. पुलिस ने कहा कि संबंधितों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं और मामला दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है.यह घटना हरेगांव में मजदूरी करने वाले तीन दलित युवकों के साथ हुई है. गलांडे को संदेह था कि युवक ने उंदिरगांव में गलांडे की बस्ती से एक बकरी और चार कबूतर चुराए हैं। फिर संदिग्ध युवराज गलांडे, नानासाहेब गलांडे, मनोज बोडखे, दुर्गेश वैद्य ने इन तीनों युवकों को निर्वस्त्र कर पेड़ से उल्टा लटका दिया. चोरी के बारे में पूछने पर उसे बेरहमी से पीटा गया. पीड़ित परिवारों का कहना है कि उनके साथ अमानवीय कृत्य किया गया. इस पिटाई में शुभम वाघाड़े, कुणाल मगर, ओम गायकवाड गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें कामगार अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. ये युवा और उनके परिवार मजदूरी करके अपनी आजीविका कमाते हैं। क्या वह लोकसभा चुनाव में खड़े होंगे या नहीं? उदयनराजे भोसले ने कहा, लोग जिद करते हैं लेकिन...

इस घटना की जानकारी मिलने पर श्रीरामपुर में रिपब्लिकन संगठन के पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे. इनमें सुरेंद्र थोराट, प्रदीप थोराट, दीपक ओहाल, नाना खरात, अक्षय मघाड़े, अमोल शिंदे, मिलिंद सोनावणे शामिल हैं। पुलिस से सूचना मिलने के बाद श्रीरामपुर की अपर पुलिस अधीक्षक स्वाति भोर, पुलिस उपाधीक्षक संदीप मिटके अस्पताल पहुंचे और पीड़ित युवक से पूछताछ की. उनके और उनके रिश्तेदारों के बयान दर्ज किये गये। इस बीच प्रदीप थोराट ने चेतावनी दी है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, नहीं तो हम पीछे नहीं हटेंगे. इस मामले में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा. इसलिए पुलिस ने नागरिकों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है.

## नूंह हिंसा: हरियाणा में 28 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद!

जुलाई में नूंह में हुई हिंसा में शामिल एक संदिग्ध को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। घटना सिंगार गांव में उस वक्त हुई जब क्राइम ब्रांच पुन्हाना यूनिट की टीम इरशाद नाम के एक संदिग्ध को गिरफ करने गई थी। पुलिस के अनुसार, जब इरशाद को बस स्टैंड से पकड़ा गया तो वहां मौ स्थानीय लोगों की क्राइम ब्रांच टीम से बहस हो गई और वे इरशाद छुड़ाकर गांव की ओर भाग गए। यूनिट ने महिला पुलिसकर्मियों अतिरिक्त बलों को बुलाया और गांव में प्रवेश किया, जहां महिलाओं के एक समूह ने उन पर पत्थरों से हमला किया। हमले में उपनिरीक्षक विनीत और सिपाही अमर सिंह समेत तीन जवान घायल हो गए। हमलावरों को तितर- बितर करने के लिए पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। आठ लोगों को




किया गया गिरफ्तार अब तक पांच महिलाओं समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया जबकि 15 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। लेकिन इरशाद फिलहाल फरार है। इस बीच, चूंकि हिंदू समूह 28 अगस्त को ब्रज मंडल यात्रा फिर से शुरू करने पर अड़े हैं, इसलिए शनिवार से 29 अगस्त तक नूंह में इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। डीसी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह एक एहतियाती कदम है।

हरियाणा सरकार ने शनिवार को नूंह जिले में 28 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट और 'बल्क एसएमएस सेवा को निलंबित करने का आदेश दिया, जहां पिछले महीने सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। सरकार ने यह फैसला संगठनों द्वारा एक बार फिर शोभा यात्रा निकालने के आ' 'ान को देखते ि२ लिया है। सरकार ने सोमवार को होने वाली यात्रा से पहले या उसके दो । सोशल मीडिया के जरिए असामाजिक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाने आशंका के मद्देनजर संबंधित आदेश जारी किया। यह आदेश शनिवार का अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) टीवीएसएन प्रसाद ने जारी किया। हरिय सरकार ने इससे पहले भी सांप्रदायिक हिंसा के बाद नूंह में मोबाइल इंटर सेवाएं निलंबित कर दी थीं।



# छोटे शहरों से निकले वैज्ञानिकों का बड़ा कमाल, चंद्रयान-3 की कामयाबी में दिया अहम योगदान



**नई दिल्ली , एजेंसी।**
चंद्रयान-3 की सफलता के साथ भारत ने बुधवार को अंतरिक्ष में नया इतिहास रचा। चंद्रयान की सफल लैंडिंग में इसरो की बहुत बड़ी टीम ने काम किया है। देशभर के कई होनहार वैज्ञानिकों को टीम का हिस्सा बनाया गया, जो अलग-अलग कोनों से संबंध रखते हैं। इन टीमों में यूपी के कई वैज्ञानिकों ने भी अहम भूमिका निभाई है। किसी ने उपकरण डिजाइन किया तो कोई चंद्रयान पर हर पल निगरानी रख रहा था। मुरादाबाद, अलीगढ़ और बदायूं जैसे छोटे शहरों से निकले इन वैज्ञानिकों भारत की इस सफलता में बड़ा योगदान दिया है।

**लैंडर-रोवर टीम के सदस्य हैं अलीगढ़ के प्रियांशुत्न** अलीगढ़ के प्रियांशु वार्ष्णेय इसरो की उस अहम टीम का हिस्सा हैं, जो लैंडर और रोवर को लेकर काम कर रही थी। एएमयू से एम.टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स) की पढ़ाई करने वाले प्रियांशु के पिता डॉ. राजीव कुमार वार्ष्णेय एसवी कॉलेज में भूगोल विभाग में प्राध्यापक हैं। मां ममता गुप्ता विष्णुपुरी बेलामार्ग स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका हैं।

मिर्जापुर के आलोक ने निभाई लैंडिंग व कम्युनिकेशन की अहम जिम्मेदारी

मिशन में मिर्जापुर के युवा वैज्ञानिक आलोक कुमार पांडेय भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं। आलोक और उनके साथियों ने लैंडिंग और कम्युनिकेशन की जिम्मेदारी संभाली है। पिता संतोष पांडेय ने पुत्र आलोक से फोन पर हुई वार्ता के बारे में बताया कि मिशन के शत-प्रतिशत सफल होने के लिए आलोक तीन दिन से लगातार इसरो के कमांड सेंटर में ही काम करते रहे। इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर काम कर रहे आलोक मार्स मिशन 2014 में महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उत्कृष्ट वैज्ञानिक पुरस्कार पा चुके हैं। चंद्रयान दो की लांचिंग में भी महत्वपूर्ण निभा चुके हैं।

चंद्रयान-3 के लांच व्हीकल के दूसरे चरण लिक्विड प्रोपल्सन के इंचार्ज की महत्वपूर्ण भूमिका उझानी निवासी सत्यपाल अरोड़ा ने निभाई। इसरो में वरिष्ठ वैज्ञानिक के पद पर काम कर रहे सत्यपाल ने चंद्रयान के दूसरे चरण में लिक्विड प्रोपल्सन की टेस्टिंग और एनालिसिस का कार्य उन्होंने 60 लोगों की टीम के साथ पूरा किया।

मुरादाबाद के कांशीरामनगर ई-ब्लॉक निवासी मेघ भटनागर और उनकी पत्नी गौतमी इस मिशन में ऑन बोर्ड सॉफ्टवेयर साइंटिस्ट के रूप में जुड़े थे तो खुशहाल नगर निवासी वैज्ञानिक रजत प्रताप सिंह ने भी चंद्रयान 3 मिशन में अहम योगदान दिया है। मेघ इससे पहले चंद्रयान-2 से जुड़े थे। वह चंद्रयान-2 को कक्षा में स्थापित करने वाले रॉकेट जीएसएलवी मार्क-3 से मिशन डिजाइन क्वालिटी कंट्रोल साइंटिस्ट के रूप में थे।

उधर, वैज्ञानिक रजत प्रताप सिंह के परिजन भी शाम को एकटक टीवी देख रहे थे। जैसे ही चंद्रयान ने चांद को छूआ बहन रजनी सिंह ने कहा कि मम्मी भाई ने मुझे रक्षाबंधन का सबसे बड़ा तोहफा दे दिया। इसी दौरान रजत का फोन अपनी मम्मी मीरा सिंह के पास आया। रजत ने कहा कि मम्मी नमस्ते। बधाई हो...। आपने सुना... हम सफल हो गए। बता दें कि रजत इसरो की चयन परीक्षा में ऑल इंडिया टॉपर रह चुके हैं। प्रतापगढ़ के रवि केसरवानी चंद्रयान-3 मिशन की उस टीम में हैं, जिसने शेप (स्पेक्ट्रो पोलरोमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लेनेटरी अर्थ) नाम का विशेष उपकरण बनाया है। यह चांद पर धरती से भेजे गए सिग्नल का अध्ययन करेगा।

# हिमाचल, पंजाब यूपी और उत्तराखंड में 16 की मौत, अगले कुछ दिन भारी बारिश का अनुमान



**नई दिल्ली , एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार को भी बारिश का कहर जारी रहा।?वर्षाजनित हादसों में हिमाचल में 10, पश्चिमी यूपी में तीन, पंजाब में दो और उत्तराखंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मौसम विभाग ने उत्तर भारत में अगले 24 घंटे के दौरान बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। गांव धनारी में मकान की छत गिरने से पिता-पुत्री की मौत हो गई जबकि बच्ची समेत दो लोग घायल हो गए। वहीं बदायूं जिले के सहसवान कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव इस्माइलपुर अल्लैपुर में कच्चे मकान की दीवार गिरने से 12 साल के एक बच्चे की मौत हो गई। हिमाचल प्रदेश में रेड अलर्ट के बीच बारिश ने कहर बरपाया। राज्य में एक बच्चे समेत दस लोगों की मौत हो गई जबकि छह लोग लापता हैं। शिमला के बल्देयां में एक दंपती की मौत हुई जबकि जुन्गा में पांच साल के बच्चे, मंडी में नाना-दोहती, ताई-भतीजी समेत सात की मौत हुई है। देवप्रयाग। ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर देवप्रयाग के समीप भारी मलबा आने से करीब नौ घंटे बंद रहा। लोनिवि के कार्मिकों की कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर यातायात सुचारु किया गया। इसके अलावा हाईवे ऋषिकेश से महादेव चट्टी, धौलधार में भी कुछ देर यातायात बाधित रहा। देवप्रयाग से दो किमी आगे आए मलबे से ऋषिकेश व श्रीनगर की ओर से आए वाहन फंसे रहे।

# एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स ने विल्डाग्लिप्टिन SR और मेटफॉर्मिन SR टैबलेट को लॉन्च करके डायबिटीज इलाज में लाई क्रांति

नई दिल्ली: भारत की प्रतिष्ठित कॉन्ट्रैक्ट ड्रग मैन्यूफैक्चरर कंपनी 'एकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड' ने डायबिटीज के खिलाफ लड़ाई में एक बेहतरीन समाधान 'विल्डाग्लिप्टिन SR और मेटफॉर्मिन SR टैबलेट' के रूप में लांच किया है। इन टैबलेट को टाइप २ डायबिटीज मेलिटस वाले उन मरीजों के लिए बनाया गया है जो मेटफॉर्मिन मोनोथेरेपी से डायबिटीज पर कम नियंत्रण पाते हैं। इन टैबलेट से ग्लाइसेमिक लेवल नियंत्रित रहता है। इनसे डायबिटीज के इलाज में काफी सुधार देखने को मिलता है।

विल्डाग्लिप्टिन SR और मेटफॉर्मिन SR टैबलेट विल्डाग्लिप्टिन और मेटफॉर्मिन के शक्तिशाली मेकेनिज्म का मिश्रण है, इससे मरीजों को उनके ग्लाइसेमिक लेवल को मैनेज करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान किया जाता है। विल्डाग्लिप्टिन एक अच्छी तरह से सहन किया जाने वाला ओरल डाइपेप्टिडाइल पेप्टाइडेज़-४ इन्हिबिटर है। यह अपने अनूठे मेकेनिज्म के लिए जाना जाता है। यह ग्लूकागन-जैसे पेप्टाइड-१ के क्षरण को रोकता है। इससे यह ग्लाइकेमिया को कम करता है, इंसुलिन स्राव को बढ़ाता है, और ग्लूकोज डिपेंडेंट तरीके से ग्लूकागन स्राव को रोकता है। इससे न केवल प्रभावी तरीके से ग्लाइसेमिक नियंत्रित रहता है बल्कि हाइपोग्लाइसीमिया और वजन बढ़ने का खतरा भी काफी कम करता है। इन गुणों के कारण यह बुजुर्ग मरीजों के लिए खास करके फायदेमंद होता है।

# असम की दरांग जिला विकास समिति की बैठक में किया गया कृषि विभाग के कई मुद्दों की समीक्षा



असम, २४ अगस्त (पंकज नाथ) : असम के दरांग जिले में आज एक समीक्षा बैठक हुई। दरांग जिले के आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आज गुरुवार को जिला आयुक्त मुनींद्र नाथ नाटे की अध्यक्षता में जिला विकास समिति की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग की प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सरसों की खरीद, जैव उत्पादन आदि विभिन्न मुद्दों की समीक्षा की गई। आज की बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने विभाग के कार्यों में प्रगति की जानकारी दी। आज की बैठक में जिला आयुक्त ने रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करने पर विशेष जोर दिया। जिला आयुक्त ने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के विकल्प के रूप में जैविक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता पैदा करनी होगी। बैठक में जिला आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत आवास, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं सड़क विभाग के अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। बैठक में शिक्षा विभाग के स्कूल समेकन, जन स्वास्थ्य तकनीकी विभाग के जल जीवन मिशन आदि विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। आज की बैठक में भूमि संरक्षण, स्वास्थ्य, जल संसाधन, श्रम, हथकरघा और वस्त्र, मत्स्य पालन आदि विभागों के तहत चल रही विकास योजनाओं और परियोजनाओं की भी समीक्षा की गई। आज की बैठक में जिला आयुक्त नाटे ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को समय पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। जिला विकास समिति की आज की बैठक में जिले के विकास आयुक्त पंकज कुमार डेका, अतिरिक्त उपायुक्तों के साथ-साथ जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।




# ब्रिक्स समिट में मोदी-जिनपिंग ने मिलाया हाथ, की बातचीत

## सऊदी, यूएई समेत 6 देशों को संगठन का न्योता, मोदी बोले-इनसे हमारे ऐतिहासिक रिश्ते

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका में 15वीं ब्रिक्स समिट के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ मिलाते नजर आए। प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होने से ठीक पहले दोनों नेताओं के बीच कुछ सेकेंड की बातचीत भी हुई। इससे पहले नवंबर 2022 में पीएम मोदी और शी जिनपिंग ने इंडोनेशिया में हुई जी 20 समिट में सीमा विवाद पर बात की थी, जिसकी जानकारी इस साल दी गई। दूसरी तरफ, ब्रिक्स संगठन में जुड़ने के लिए 6 नए देशों को न्योता दिया गया है। इनमें अर्जेंटीना, सऊदी अरब, मिस्त्र, इथियोपिया और ईरान शामिल हैं। ये 1 जनवरी 2024 से BRICS के परमानेंट सदस्य बन जाएंगे। साउथ अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने बताया कि पहले फेज की बैठक में इन देशों को संगठन का मेंबर बनने का आमंत्रण दिया गया है। साथ ही साउथ अफ्रीका में साइन हुए ब्रिक्स के डेक्लेरेशन में ब्राजील, भारत और साउथ अफ्रीका की यूएन में परमानेंट मेंबरशिप की मांग की गई। इसके अलावा प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद मोदी ने इथियोपिया के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। जिन देशों को ब्रिक्स का न्योता



मिला है, उन्हें मोदी ने बधाई दी। उन्होंने कहा- भारत ने ब्रिक्स में विस्तार का हमेशा समर्थन किया। इन सभी देशों से हमारे गहरे और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। मुझे खुशी है कि 3 दिन की बैठक में कई सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मोदी ने पश्चिमी देशों के दबदबे वाले संगठनों का नाम लिए बगैर कहा- ब्रिक्स का विस्तार ये जाहिर करता है कि दुनिया के बड़े संगठनों को समय के साथ बदलना चाहिए। वहीं, जो भी देश पहले फेज में इस संगठन से नहीं जुड़ पाए हैं, उनको इसकी सदस्यता दिलाने के लिए भारत अपना योगदान देगा। जब हम ग्लोबल साउथ का प्रयोग करते हैं तो ये केवल डिप्लोमेटिक शब्द है। हमने भेदभाव का मिलकर विरोध किया है। गांधी ने साउथ अफ्रीका में ही अश्वेतों के लिए आवाज उठाई। उन्होंने नेल्सन मंडेला को प्रेरित किया। भारत ने अफ्रीका के साथ संबंधों को प्राथमिकता दी है। 16 नए दूतावास खोले हैं। चौथा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है।

# भ्रष्टाचारी अफसरों पर नहीं चल पा रहे मुकदमे, सीबीआई को सरकारी विभागों की मंजूरी का इंतजार

**नई दिल्ली , एजेंसी।**
केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि भ्रष्ट कर्मचारियों-अधिकारियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगने वाले सीबीआई के 500 से अधिक अनुरोध विभिन्न सरकारी विभागों में लंबित थे। सीवीसी की 2022 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि 272 अनुरोध तीन महीने से अधिक समय से लंबित थे।




सरकारी विभागों को किसी भ्रष्ट अधिकारी पर मुकदमा चलाने की मंजूरी मांगने वाले अनुरोधों पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होता है। ऐसे मामलों में जिन पर अटॉर्नी जनरल या उनके कार्यालय में किसी अन्य कानून अधिकारी के साथ परामर्श की आवश्यकता होती है, एक महीने का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है। सीवीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीबीआई ने बताया था कि 2022 के अंत में पीसी अधिनियम, 1988 के तहत अभियोजन की मंजूरी के लिए विभिन्न संगठनों से संबंधित कुल 198 मामले लंबित थे।

रिपोर्ट के मुताबिक केंद्र/राज्य सरकार और अन्य विभागों व प्राधिकरणों के पास लंबित इन मामलों में वर्ष 2022 के दौरान अभियोजन मंजूरी के लिए 525 अलग-अलग अनुरोध किए गए हैं, क्योंकि कुछ मामलों में एक से अधिक आरोपी शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल 525 लंबित अनुरोधों में से सबसे अधिक 167 वित्त मंत्रालय के तहत वित्तीय सेवा विभाग के पास, 41 महाराष्ट्र सरकार के पास और 31-31 अनुरोध वित्त मंत्रालय, कोयला एवं खनन मंत्रालय, अन्य के तहत राजस्व विभाग के पास थे। 31 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश सरकार के पास 25, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल की सरकारों के पास 23-23 और रेल मंत्रालय के पास 22 अनुरोध मुकदमे की मंजूरी के लिए लंबित थे। साथ ही 20 अनुरोध श्रम और रोजगार मंत्रालय के पास, 16 रक्षा मंत्रालय के पास, 12 कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के पास, 11 गृह मंत्रालय के पास और आठ शिक्षा मंत्रालय के पास लंबित थे।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली सरकार, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के पास छह-छह अनुरोध और तमिलनाडु सरकार और लोकसभा में पांच-पांच अनुरोध लंबित थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीवीसी विभिन्न संगठनों के पास अभियोजन की मंजूरी के लिए लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करता है।

# टाटा मोटर्स ने पैसेंजर इलेक्ट्रिक वाहनों की अपनी रेंज प्रदान करने के लिए केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार से साझेदारी की

पुणे : देश के सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निर्माता, टाटा मोटर्स नें केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) से साझेदारी की है। टाटा मोटर्स को केपीकेबी से गठबंधन करने वाला पहला इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता बनने पर गर्व है । इस साझेदारी के तहत देश भर में अर्धसैनिक बलों, राज्य पुलिस के कर्मचारियों और उनके परिवारों को इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने में मदद की जाएगी। इस प्रतिष्ठित साझेदारी के तहत, टाटा मोटर्स का इलेक्ट्रिक वाहनों का पोर्टफोलियो इस उपक्रम के सभी लाभार्थियों के लिए विशेष दरों पर उपलब्ध होगा। इन इलेक्ट्रिक गाड़ियों में ढळरसे.र्शीं, टिगोर ईवी और नेक्सॉन ईवी प्राइम और मैक्स शामिल हैं।रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), खुफिया विभाग (आई.बी), स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी), नैशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी), नैशनल इनवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए), भारत-तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), असम राइफल्स के मौजूदा समय पर कार्यरत और रिटायर्ड कर्मचारियों और सभी राज्यों के पुलिस कर्मचारियों के कल्याण के लिए, १८ सितंबर २००६ गृह मामलों के मंत्रालय ने केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार (केपीकेबी) की स्थापना की थी। इस समय केपीकेबी में ११९ मास्टर कैंटीन हैं, जो वितरण केंद्रों का काम करती है और १८०० से ज्यादा सब्सिडियरी कैंटीन सुरक्षा बलों के कर्मचारियों को उत्पादों की बिक्री करती हैं।

# असफलता के डर' को दूर करने के लिए साइंस कट्टा उपयोगी

पुणे: विज्ञान और प्रौद्योगिकी के कई रहस्यों को जानने के लिए, नवाचारों और आविष्कारों को साकार करने के लिए प्रयोगात्मक रहना जरुरी होता है। इस बीच हमें असफलता का डर सताता रहता है. ऐसे में असफलता के डर को दूर करने के लिए 'साइंस कट्टा' का विचार बहुत उपयोगी है। बाड़ पर की गई चर्चा से एक जटिल विषय पर कई अंतर्दृष्टियाँ सामने आती हैं और अनुसंधान की रुकी हुई यात्रा नई दिशा में शुरू होती है. यही से अंत:विषय अनुसंधान को बढ़ावा मिलता है, ऐसा विश्वास वैज्ञानिकों एवं उपस्थित विज्ञान प्रेमियों ने जताया।

शिक्षा और अनुसंधान में एक नई भूमिका को उजागर करने वाले 'मॉडेल कट्टा' इस सेमिनार का आयोजन एस. पी. कॉलेज के के लेडी रमाबाई हॉल में किया गया था. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर्स, मराठी विज्ञान परिषद पुणे प्रभाग, एस. पी. कॉलेज, जीविद्या पुणे, ज्ञानप्रबोधिनी और राजहंस प्रकाशन द्वारा आयोजित इस कट्टे पर जीवविज्ञान शोधकर्ता डॉ. मिलिंद वाटवे की 'कट्टा मॉडल' किताब के मौके पर चर्चा हुई.

पुणे की आघारकर अनुसंधान संस्थान के डॉ. मंदार दातार, बैंगलोर में राष्ट्रीय जैविक विज्ञान केंद्र (एनसीबीएस) के डॉ. कृष्णमेघ कुंटे, कैनबायोसिस के निदेशक संदीपा कानिटकर, डॉ. मिलिंद वाटवे, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स के पूर्व निदेशक यशवंत घारपुरे ने अपने विचार साझा किए। वरिष्ठ पर्यावरण वैज्ञानिक डॉ. माधव गाडगिल ने समापन भाषण दिया। इस अवसर पर राजहंस प्रकाशन के दिलीप माजगांवकर, मराठी विज्ञान परिषद के प्रो. राजेंद्र कुमार सराफ, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल इंजीनियर्स के डॉ. सुयोग तरालकर, जिविधा के राजीव पंडित आदी उपस्थित थे।डॉ. माधव गाडगिल ने कहा, ''पारंपरिक शिक्षा की तुलना में ज्ञान और समझ अधिक महत्वपूर्ण है। ग्रामीण इलाकों के कई बच्चों के पास ज्ञान है। उन्हें प्रोत्साहित करने की जरूरत है। पहले के समय में पिंपल पार होते थे। इस पर गांव में बातचीत होती थी। यहाँ से बहुत सी नई जानकारी मिलती थी।'' कट्टा या पार सूचना संग्रह का एक स्रोत है। विज्ञान में उन्नति के लिए ऐसे कट्टे उपयोगी होंगे। मुझे भी पढ़ाई, शोध करते समय इस तरह के पार या कट्टे की खूब सहायता मिली है।

डॉ. कृष्णमेघ कुंटे ने कहा, ''कार्यस्थल से बाहर जाकर सोचने का दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए। इसके लिए खुले वातावरण में किया गया संचार अधिक समृद्ध होता है। जिस चीज का अध्ययन करना है, उसके लिए वास्तव में वहां जाकर अध्ययन करना चाहिए। प्रयोगशाला में बैठकर सब कुछ नहीं होता। नए विचारों, आसपास हो रही घटनाओं के




बारे में जानने के लिए आपसी संचार महत्वपूर्ण है। तितलियों पर अध्ययन करते समय में भी बहुत घुमा हूं। आने वाले शोधकर्ताओं को भी में यही कहूंगा कि वास्तविक जगह पर जाओ और काम करो।

संदीपा कानिटकर ने कहा, ''अंत:विषय अध्ययन और अनुसंधान की हमारे यहाँ कमी है। अगर हम बेहतर तरीके से शोध करना चाहते हैं, तो हमें विषय के विभिन्न पहलुओं को समझने की जरूरत है। ऐसा करते समय ऐसे ग्रूप, कट्टा उपयोगी होते हैं। जब चार लोग इकट्ठा होते हैं तो उनके चार विचार सामने आते हैं। इससे एक विविध एवं महत्वपूर्ण कार्य किया जा सकता है। इससे उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है। क्षमता विकास कार्यक्रम सिस्टम के बारे में अंतर्दृष्टि निकालने का काम करते हैं।''

डॉ. मंदार दातार ने कहा, ''विज्ञान यह प्रत्यक्ष रूप से क्रिया कर सीखने का ज्ञान है। एक-दूसरे के साथ बातचीत के माध्यम से, विभिन्न विषयों को सीखा जा सकता है। हम जो काम करते हैं उसमें अधिक रुचि और परिपक्वता विकसित होती है। गणित, सांख्यिकी, जीवविज्ञान, भौतिकी विज्ञान, रसायन विज्ञान जैसे विभिन्न विभागों के लोग ने एक साथ मिलकर काम किया तो बेहतर शोध उत्पन्न होंगे। जैव विविधता का अध्ययन करते समय, प्रकृति में जाना, उसका निरीक्षण करना, जानकारी एकत्र करना और एक दूसरे के साथ चर्चा करना उपयोगी होता है।''




# 'द केरला स्टोरी' एक्ट्रेस अदा शर्मा ने खरीदा सुशांत सिंह राजपूत का घर, लंबे समय से पड़ा था खाली




14 जून, 2020 को बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया था. उन्हें मुंबई में स्थित अपने फ्लैट पर ही मृत पाया गया था. जब से एक्टर का निधन हुआ था तब से उनका फ्लैट खाली ही पड़ा था. उसके बाद से कोई भी उस फ्लैट में जाने से या रहने से मना कर देता था. इसी बीच अब खबर आ रही है दिवंगत एक्टर का यह फ्लैट बिक गया है. करीब 3 सालों से खाली पड़े रहने के बाद फाइनली सुशांत सिंह राजपूत के इस फ्लैट को बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस ने खरीद लिया है. बता दें कि फिल्म द केरला स्टोरी में मुख्य भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अदा शर्मा की टीम का दावा है कि अदा ने दिवगंत सुशांत सिंह राजपूत के ब्रांदा के मॉन्ट ब्लैंक इमारत स्थित किराये वाला घर खरीद लिया है. अदा शर्मा को अपनी टीम और ब्रोकर के साथ सुशांत के घर पर जाते हुए देखा गया. मगर अदा शर्मा अंदर जाते वक्त रुकी नहीं, ना ही उन्होंने अपने चेहरा दिखाया और ना ही किसी से बात की. अदा ने फोन पर संपर्क किये जाने पर भी कोई रेस्प■न्स नहीं दिया है. फिलहाल ये घर कितने में खरीदा है, कब खरीदा है और इससे जुड़ी अन्य जानकारी ना तो टीम ने दी और ना ही सुशांत के घर के इमारत परिसर में दाखिल हुई अदा ने दी है. बता दें कि फांसी लगाकर आत्महत्या करने से पहले सुशांत सिंह राजपूत इसी घर में रहा करते थे, तब इस घर का किराया 4.5 लाख रुपये बताया जाता था. सुशांत की आत्महत्या के बाद एक लम्बे समय से यह घर खाली है और यहां कोई भी किराये पर नहीं खरीद रहा था.

# प्रभास की 'सालार' सेट करेगी नया बेंचमार्क! चंद दिनों में 3 करोड़ के करीब बेची टिकट



साउथ सुपरस्टार प्रभास की अगली फिल्म सालार रिलीज की तैयारी कर रही है। फिल्म का हाल ही में टीजर रिलीज किया गया। अब फैंस सालार के ट्रेलर की राह देख रहे हैं। इस बीच विदेश में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू कर दी गई है। सालार को रिलीज होने में अभी एक महीने का वक्त है। फिर भी मेकर्स ने दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट को देखते हुए एडवांस बुकिंग के लिए अमेरिका में टिकट खिड़की खोल दी। अब उनका ये फैसला सही साबित हो रहा है, क्योंकि चंद दिनों में ही सालार ने लगभग 3 करोड़ रुपये के करीब टिकट बेच ली है।

ट्रेड एनालिस्ट मनोबाला विजयबालन ने यूएस में सालार के एडवांस बुकिंग के अपेडट दी है, जिसके अनुसार, 26 अगस्त की सुबह तक फिल्म की 10 हजार से ज्यादा टिकट बिक चुकी है। सालार ने शनिवार तक 11639 टिकट बेच ली है। इसके साथ ही अमेरिका में फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 2.75 करोड़ रुपये (334,108) हो गया है। फिल्म को अमेरिका में 290 स्क्रीन्स पर रिलीज किया जाएगा। वहीं, सालार के अब तक 848 शोज रखे गए हैं।

प्रभास की सालार, शाह रुख खान की जवान को ओवरसीज एडवांस बुकिंग में तगड़ी टक्कर दे रही है। जवान कुछ ही दिनों में रिलीज होने वाली है, जबकि सालार को रिलीज होने में अभी काफी वक्त है। फिर भी सालार आगे निकल रही है। जवान की एडवांस बुकिंग पहले शुरू हुई थी, लेकिन फिल्म अभी तक महज 1.57 करोड़ रुपये की टिकट ही बेच पाई है। प्रशांत नील के डायरेक्शन में बनी सालारः पार्ट 1- सीजफायर 28 सितंबर को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज की जाएगी। फिल्म में प्रभास के साथ श्रुति हासन और जगपति बाबू लीड रोल में हैं।

# उमराह करने जा रही हैं राखी सावंत, फ्लाइट के अंदर बनाया ऐसा वीडियो



पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया क्वीन राखी सावंत और उनके पति आदिल खान दुरानी इंटरनेट पर छाए हुए हैं। आदिल खान 6 महीने बाद जमानत पर जेल से बाहर आए हैं और आते ही उन्होंने अपनी पत्नी राखी सावंत पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई तरह के आरोप लगाए हैं। वहीं पलटवार करते हुए राखी सावंत ने भी अपने पति आदिल को लेकर कई तरह की बातें की हैं। राखी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आदिल के खिलाफ कई सबूत मीडिया को दिखाए हैं। दोनों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी बीच खबर है कि राखी सावंत उमराह करने जा रही हैं। आपको बता दें कि आदिल खान दुरानी, शर्लिन चोपड़ा और राजश्री मोरे के आरोपों के बीच राखी सावंत अब उमराह करने जा रही हैं। राखी सावंत का फ्लाइट के अंदर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वह हिजाब पहनकर उमराह जाने के बारे में बता रही हैं। इस वीडियो में राखी कह रही हैं कि वो अपने लिए और सभी के लिए वहां पर जाकर दुआ मांगेगी।

# ओटीटी की दुनिया में धमाल मचाने को तैयार बेबो!

करीना कपूर खान सुजॉय घोष के जापानी नोवल 'द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स' के रीमेंक के साथ अपना ओटीटी डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें वह जयदीप अहलावत और विजय वर्मा के साथ एक्टिंग करती नजर आएंगी। अब करीना कपूर खान ने अपनी ओटीटी डेब्यू फिल्म का एक मजेदार प्रोमो शेयर किया है। हालांकि उन्होंने फिल्म का नाम नहीं बताया या प्रोजेक्ट का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने पुष्टि की कि उनका किरदार उनके निभाए गए पिछले किरदारों से बहुत अलग होगा। गुरुवार को करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसकी शुरुआत एक फिल्म निर्माता द्वारा करीना को 'कभी खुशी कभी गन' नामक फिल्म पेश करने से होती है। उन्हें यह कहते हुए सुना जाता है कि फिल्म में करीना का K3G किरदार पू एक पुलिसकर्मी बन जाता है और अपनी बंदूक अपनी हील्स में छिपा लेता है। करीना अपना खुद का स्पिन जोड़ती है, और पू स्टाइल में कहती है, तुम्हारा कोई हक नहीं बनता कि तुम इतने दोषी लगो। हालाँकि वह इस फिल्म से खुश नहीं है, जिसके बाद एक अन्य फिल्म निर्माता ने 'कल वी मेट' नामक एक फिल्म पेश की। एक बार फिर, बेबो इस विचार से प्रभावित नहीं हुई। अन्य फिल्म निर्माता पू-की ब्लाइंडर्स, जब वी पेट और



अन्य जैसी फिल्में बनाते हैं, लेकिन करीना उन सभी को ठुकरा देती हैं।



# खतरों के खिलाड़ी 13 पर मंडराए काले बादल

रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो का हर साल दिल थाम कर इंतजार करते हैं। कलर्स पर प्रसारित होने वाले इस शो के अब तक 12 सीजन फैंस के सामने आ चुके हैं। अक्षय कुमार से लेकर प्रियंका चोपड़ा और अर्जुन कपूर तक कई बॉलीवुड एक्टर्स 'खतरों के खिलाड़ी' को होस्ट कर चुके हैं, लेकिन जब से निर्देशक रोहित शेट्टी ने इस शो की कमान संभाली है, तब से स्टंट बेस्ड रियलिटी शो हमेशा टॉप 3 टीआरपी में रहा है। अर्चना गौतम से लेकर शिव ठाकरे तक के शो का हिस्सा होने के बावजूद ये शो ऑडियंस को इम्प्रेस करने में नाकामयाब रहा है। रोहित शेट्टी का शो टॉप 10 से भी बाहर हो चुका है। रोहित शेट्टी और इस शो के मेकर्स की हमेशा यही कोशिश रहती है कि वह इस शो के जरिए ऑडियंस को हर साल कोई न कोई नए स्टंट्स से रूबरू करवाए। इस साल भी जब ये शो जुलाई में ऑनए-यर हुआ, तो कुछ ऐसा ही देखने को मिला। पहले ही दिन से खतरों का खेल खेलने वाले ये खिलाड़ी 5 दिन तक जंगल में रहे। इसके अलावा मेकर्स इस साल नए-नए स्टंट्स भी इंट्रोड्यूज किये। हालांकि बीच में ये शो टीआरपी लिस्ट में ऊपर आया, लेकिन इस हफ्ते शो की टीआरपी और भी ज्यादा गिर गई। गुरुवार को टीवी शो टीआरपी की एक लिस्ट सामने आई, जिसमें 'खतरों के खिलाड़ी-13' टॉप 10 से खिसककर सीधा 12वें नंबर पर पहुंच गया है। इस शो की टीआरपी इस हफ्ते 1.6 है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com